हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, रविवार, 28 सितंबर 2025

13 परिषद के रंगमंच पर दशरथ मरण की करुणा...



14 मोहल्ला सराय से स्टेट हाईवे-148बी तक की सड़क...



शहीद स्मारक का काम शुरू

# विधायक के आश्वासन पर ग्रामीणों ने खत्म किया धरना


**बुचौली के ग्रामीणों की ओर से गांव की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर शुक्रवार को शुरू किया गया था धरना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

गांव बुचौली ग्रामीणों की ओर से गांव की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर दिया जा रहा धरना विधायक के आश्वासन पर समाप्त कर दिया। वहीं गांव के शहीद जयदयाल के स्मारक का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। गांव बुचौली के ग्रामीणों की ओर से शुक्रवार को गांव की समस्या की मांग को लेकर पांच दिवसीय सांकेतिक धरना शुरू किया था। ग्रामीणों ने चेतावनी दी थी कि मांग का जल्द समाधान नहीं किया तो भूख हड़ताल की जाएगी। ग्रामीणों की अन्य मांगें भी थी और उनका कहना था कि गांव की फिरनी बदहाल हो चुकी है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही हैं।

### गांव से महेंद्रगढ़ के लिए कोई बस सेवा नहीं

कई बार गांव की समस्या को लेकर सरपंच व अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन समस्या का अभी तक समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि गांव से महेंद्रगढ़ के लिए कोई बस सेवा नहीं है। ऐसे प्रतिदिन आवागमन करने वाले यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रहीं है। सबसे अधिक परेशानी विद्यार्थियों को उठानी पड़ रहीं हैं। गांव के काफी छात्राएं शिक्षा करने के लिए शहर जाती है, बस के अभाव में अनहोनी होने का डर बना रहता है। ग्रामीण पंकज राव ने बताया कि आठ मई 1988 को गांव का सैनिक जयदयाल श्रीलंका से युद्ध के दौरान शहीद हुआ था, लेकिन 37 वर्ष बीत जाने के बाद भी सरकार की ओर से शहीद के सम्मान में शहीद स्मारक नहीं बनाया गया। ग्रामीण कई बार सरकार के सामने शहीद स्मारक बनवाने की मांग रख चुके हैं, लेकिन किसी सरकार में उनकी मांग पूरी नहीं हुई। किसान ओमप्रकाश ने बताया कि बारिश के कारण कपास की फसल पूरी तरह से खराब हो चुकी है। सरकार से मांग की है कि स्पेशल गिरदावरी करके किसानों का मुआवजा जारी किया जाए, ताकि किसान को किसी भी प्रकार का नुकसान न उठाना पड़े।



महेंद्रगढ़। धरने पर विधायक का संदेश बताते हुए। फोटो : हरिभूमि

### दिया यह आश्वासन

ग्रामीणों के धरने की सूचना के बाद सरपंच प्रतिनिधि अरविंद कुमार धरनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों की मांग को विधायक कंवर सिंह यादव के समक्ष रखा। विधायक ने दूरभाष पर ग्रामीणों की मांग को जल्द पूरा कराने का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि गांव फिरनी को जल्द ठीक कराया जाएगा। दो अक्टूबर तक सेवा पर्व के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसके बाद वह स्वयं चंडीगढ़ जाकर ग्राम पंचायत की ओर से भेजे गए 40 लाख रुपये के एस्टिमेट का पास कराएगा। इसके बाद अन्य मांगों को भी पूरा कराया जाएगा। इसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया।

### ग्रामीणों ने यह भी उठाई मांगें

धरना देने वाले ग्रामीणों की मांग है कि सरकार के द्वारा नियमित रूप से शहर महेंद्रगढ़ के लिए बस की सुविधा मुहैया की जाए। गांव में डिजिटल लाईब्रेरी खोली जाए। गांव की फिरनी पक्की की जाए। गांव में आधुनिक पार्क की सुविधा व ग्राउंड बनाया जाए, जिम की सुविधा अपग्रेड करके सभी मशीनों की पूर्ति की जाए। मिर्जा वाले से सिगड़ा तक रोड बनाया जाए। कपास और बाजरे का मुआवजा जल्द से जल्द जारी किया जाए। गांव के सरकारी स्कूल में विज्ञान संकाय शुरू किया जाए सहित अनेक मांगें हैं। इस मौके पर पंकज यादव, दीपक राव, पवन कुमार, राहुल यादव, अनिल कुमार, राजेंद्र प्रसाद, डॉ. नरेंद्र कुमार, कृष्ण कुमार, प्रो. विनोद शर्मा, पूर्व सरपंच सतबीर सिंह, अरूण कुमार व दीपक बुचौली आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### शहीदे आजम भगत सिंह की जयंती आज

**नारनौल।** नर नारायण सेवा समिति की ओर से शहीदे आजम भगत सिंह की जयंती 28 सितंबर को मनाई जाएगी। रामसिंह मधुर ने बताया कि महान क्रांतिकारी शहीदे आजम भगत सिंह की 118वीं जयंती पर 28 सितंबर को शिव मंदिर में विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य वक्ता धर्मपाल शर्मा होंगे।

### शहीद भगतसिंह की स्मृति सभा आज

**नारनौल।** ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गेनाइजेशन की ओर से 28 अक्टूबर को रोहतक के मानसरोवर में शहीद ए आजम भगतसिंह की 118वीं जयंती पर स्मृति सभा का आयोजन किया जाएगा। संस्था के सदस्य जिला निवासी वक्ता सतीश ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां पूरी हो चुकी है। कार्यक्रम में जिले से भारी संख्या में लोग हिस्सा लेंगे।

### आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम आज

**मंडी अटेली।** अटेली भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार गनियार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह कार्यक्रम की 126वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम अटेली के सभी 215 बूथों पर सुना जाएगा। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री देशवासियों के सामने विभिन्न मुद्दों पर राय रखते हैं।

### वंदना का असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयन

**कनीना।** उन्हाणी निवासी व जेजेपी के पदाधिकारी कंवर सिंह नंबरदार की पुत्री डॉ. वंदना का असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयन हुआ है। परिजनों व ग्रामीणों ने खुशी जताई है। कंवर सिंह ने बताया कि हरियाणा लोकसेवा आयोग की ओर से कॉलेज कैडर के लिए आयोजित परीक्षा का हाल ही में परिणाम जारी हुआ है। जिसमें वंदना ने भौतिकी विषय में 11वां स्थान हासिल किया है।

### जन परिवेदना समिति की बैठक 30 को

**नारनौल।** जिला लोक संपर्क एवं जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक अबकी बार 30 सितंबर को दोपहर एक बजे पीकेएस राजकीय महाविद्यालय कनीना होगी। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि सहकारिता मंत्री अरविंद कुमार शर्मा 30 सितंबर को दोपहर एक बजे पीकेएस राजकीय महाविद्यालय कनीना में जिला लोक संपर्क एवं जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक लेंगे।

### ग्रामीण सफाई कर्मियों की बैठक आज

**महेंद्रगढ़।** ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन सम्बंधित एआईयूटीयूसी के जिला प्रधान पवन कुमार वाल्मीकि ने प्रेस को जारी बयान में बताया कि 28 सितंबर को प्रातः 10 बजे यादव धर्मशाला महेन्द्रगढ़ में संगठन की एक मीटिंग आयोजित की जाएगी। मीटिंग की अध्यक्षता जिला प्रधान पवन कुमार बाल्मीकि करेंगे तथा संचालन जिला सचिव जगदीश प्रसाद सतनाली करेंगे।

## बाजरे के सैंपल भेजने पड़ रहे रेवाड़ी, रिपोर्ट मिलने के बाद ही शुरू होगी खरीद

# जिले की छह में से एक भी मंडी में नहीं ग्रेन एनालाइजर मशीन, बढ़ी परेशानी

राजकुमार ▶▶ महेंद्रगढ़

कृषि प्रधान जिला महेंद्रगढ़ में अनाज की छह अधिकृत मंडियां हैं और साल में दो बार खरीफ एवं रबी सीजन में फसलों के उत्पादन की खरीद को लेकर करोड़ों का सौदा होता है, लेकिन कमाल की बात है कि यहां की एक भी अनाज मंडी में ग्रेन एनालाइजर मशीन नहीं है। इस कारण जब यहां की मंडियों से अनाज के सैंपल भरे जाते हैं तो उन्हें चेकिंग के लिए रेवाड़ी लेकर जाना पड़ता है। सैंपल लेकर जाने एवं रिजल्ट लेकर आने में काफी समय लग जाता है, जिस कारण खरीद एजेंसी के कर्मचारियों एवं किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

■ मशीन के न होने से अनाज की गुणवत्ता जांचने में हो रही कठिनाई

महेंद्रगढ़ जिले की अनाज मंडियों में ग्रेन एनालाइजर मशीन उपलब्ध नहीं है। इस मशीन के न होने से अनाज की गुणवत्ता जांचने में कठिनाई हो रही है और किसानों को अपने अनाज का सही मूल्य नहीं मिल पा रहा है। किसानों को अनाज की गुणवत्ता जांचने के लिए दूसरे जिलों में जाना पड़ता है, जो उनके लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। 23 सितंबर से जिले की सभी मंडियों में सरकारी समर्थन मूल्य 2775 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बाजरे की खरीद शुरू करने के आदेश सरकार ने दे रखे हैं।

*▶▶ किसानों को अपने अनाज की गुणवत्ता जांचने के लिए दूसरे जिलों में जाना पड़ता है, जो उनके लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। 23 सितंबर से जिले की सभी मंडियों में सरकारी समर्थन मूल्य 2775 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बाजरे की सरकारी खरीद शुरू करने के आदेश सरकार ने दे रखे है।*




महेंद्रगढ़। कंप्यूटरीकृत ग्रेन एनालाइजर मशीन।

### जिले में हैं छह मंडियां

महेंद्रगढ़ जिले में कुछ छह अधिकृत मंडियां हैं, जहां प्राइवेट के साथ-साथ सरकारी खरीद भी होती है। इनमें महेंद्रगढ़ के अलावा नारनौल, नांगल चौधरी, सतनाली, अटेली एवं कनीना की मंडियां शामिल हैं। इन सभी मंडियों में आजकल बाजरे की खरीद चालू की हुई है।

### क्या है ग्रेन एनालाइजर मशीन

ग्रेन एनालाइजर मशीन अनाज की गुणवत्ता जांचने की कंप्यूटरीकृत अत्याधुनिक मशीन है, जो अनाज की जांच करने में मदद करती है। इससे किसानों को उनके अनाज का सही मूल्य मिल जाता है। ग्रेन एनालाइजर मशीन में संबधित कर्मचारी कृषि जिंस का 25 ग्राम सेंपल सामग्री जांच के लिए डालेगा। इस मशीन से मात्र 20 सैकेंड बाद ही यह पता लग जाएगा कि कृषि जिंस में नमी कितनी है, टूटफूट कितनी है, माल कैसी वैराएटी का है, आदि यह सभी जानकारी मिलेगी। इस रिपोर्ट के आधार पर ही तय होता है कि किसान का अनाज खरीदने लायक है या नहीं या फिर किस रेट में खरीदना है। सरसों के समय यह मशीन सरसों में उपलब्ध तेल की मात्रा भी बता देती है तथा किसान को उपलब्ध मात्रा के अनुसार ही उसे सरसों का भाव तय करने में आसानी होती है।

### प्रत्येक मंडी में लगे मशीन

इस मशीन की आवश्यकता सभी मंडियों में है, क्योंकि जहां-जहां सरकारी खरीद होती है, वहां अनाज को चेक करने के बाद ही खरीदने का नियम है। ऐसे में प्रत्येक मंडी में यह ग्रेन एनालाइजर मशीन की खरीद के लिए आवंटित करनी चाहिए, जिससे खरीद एजेंसी एवं किसानों को देरी जैसी समस्या का सामना न करना पड़े।

### यह बोली अधिकारी

महेंद्रगढ़ मंडी में बाजरा की सरकारी खरीद हरियाणा स्टेट वेयर हाउस कारपोरेशन के हिस्से आई है, जिसकी मैनेजर आनंद देवी ने बताया कि हमारे पास ग्रेन एनालाइजर मशीन नहीं है। यह मार्केट कमेटी के पास होनी चाहिए। फिलहाल बाजरे की जांच रेवाड़ी से करवाई जा रही है, जहां सर्कल स्तर पर ग्रेन एनालाइजर मशीन मौजूद है।




नारनौल। कनीना स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

# कनीना रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस गाड़ियों के ठहराव की मांग

**केन्द्रीय रेलमंत्री व डीआरएम बीकानेर डिवीजन के नाम का ज्ञापन स्टेशन मास्टर को सौंप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

कनीना रेलवे स्टेशन पर आसपास के ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमें कनीना रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर सात अक्टूबर को कनीना स्टेशन पर धरना देने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट मुख्य अतिथि थे। अध्यक्षता इनेलो नेता कर्णसिंह यादव ने की। बैठक में अतरलाल ने कहा कि रेल प्रशासन कनीना क्षेत्र के लोगों की एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की जायज मांग की अनदेखी कर रहा है। जिसके कारण इलाके के लोगों में भारी रोष व्याप्त है। कर्णसिंह यादव, कैलाश सेठ, सुरेश रोहिल्ला, पवन धनखड़, शेरसिंह ने कहा कि सरकार ने कनीना रेलवे स्टेशन पर तत्काल एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव शुरू करने की अधिसूचना जारी नहीं की तो इलाके की जनता रेल रोको आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेगी।

### जरूरी बुनियादी सुविधाएं बढ़ाने की मांग

ग्रामीणों ने केन्द्रीय रेलमंत्री व डीआरएम बीकानेर डिवीजन के नाम का ज्ञापन स्टेशन मास्टर को सौंपे। ज्ञापनों में कनीना रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की अधिसूचना तत्काल जारी करने, एक नई पैसेंजर डीएमयू गाड़ी प्रातः पांच बजे सादुलपुर से वाया कनीना, रेवाड़ी, दिल्ली से पानीपत तक चलाने तथा कनीना खास रेलवे स्टेशन को आदर्श भारत रेलवे स्टेशन योजना में शामिल कर यहां जरूरी बुनियादी सुविधाएं बढ़ाने की मांग की गई।

### वेद मंत्रों की गूंज से गुंजायमान हुआ श्रीविष्णु भगवान मंदिर



महेंद्रगढ़। हवन यज्ञ में आहुतियां डालते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

**महेंद्रगढ़।** रेलवे रोड स्थित श्री विष्णु भगवान मंदिर प्रांगण में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के समापन अवसर पर हवन-यज्ञ का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति-भाव से संपन्न हुआ। कथा का आयोजन बीते सात दिनों से प्रतिदिन किया जा रहा था, जिसमें भक्तों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर भागवत कथा श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। समापन दिवस पर आयोजित हवन-यज्ञ में वृंदावन धाम से पधारे आचार्य पंडित श्रीकांत लिटौरिया एवं पंडित मुकेश शर्मा बुड़ोली ने वैदिक मंत्रोच्चारण एवं पूर्ण विधि-विधान से यज्ञ संपन्न करवाया। यज्ञ में वातावरण वेद मंत्रों की गूंज एवं भक्तिरस से सराबोर रहा। इस अवसर पर सुनील कुमार धर्मपत्नी ज्योति, सुभाष निम्भेड़िया धर्मपत्नी सरोज, मुकेश शर्मा धर्मपत्नी मंजू तथा प्रदीप निम्भेड़िया धर्मपत्नी निशा के साथ मुख्य यजमान शामिल हुए। सभी यजमानों ने आहुति डालकर पूर्ण श्रद्धा-भाव से हवन में सहभागिता की और धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाया। इस अवसर पर मंदिर प्रभारी शंकर ने कथा और हवन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भागवत कथा का श्रवण एवं हवन-यज्ञ का आयोजन जीवन को पवित्र बनाता है तथा समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है।

### माता रानी के भजनों पर झूमे श्रद्धालु



नारनौल। भजन प्रस्तुत करता गायकार। फोटो : हरिभूमि

**नारनौल।** टाईगर क्लब परिवार के तत्वावधान में पुरानी कचहरी मैदान में आयोजित किए जा रहे दुर्गा पूजा महोत्सव में शुक्रवार रात माता रानी चंद्रघंटा के स्वरूप की पूजा की गई। सर्वप्रथम पंडित नारायण शास्त्री व पंडित गगन भारद्वाज ने क्लब के कोषाध्यक्ष मनोज सिंघल, उनके माता पिता व मंडल सदस्यों से विधिविधान से पूजा करवा माता की ज्योति प्रज्वलित करवाई। गायकार योगी अरमान ने गणेश वंदना की व माता के भजनों से भक्तों को भाव विभोर कर दिया। श्रद्धालु माता रानी के भजन पर झूम उठे। इसके बाद अलवर से विजय पंजयानी ने मां के भजनों की अमृत वर्षा करते हुए भक्तों को झूमने पर विवश कर दिया। उन्होंने तू कितनी अच्छी है प्यारी प्यारी है ओ मां ओ मां का भजन गाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। माता रानी के दरबार में प्रसाद की सेवा राज पेंटर, राज सिंहल, मनोज सिंघल परिवार ने की। राज सिंघल, मनोज सिंघल परिवार का माता रानी का पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी वासुदेव यादव व उनकी पत्नी कृष्णा आर्य, भाई रामस्वरूप, कर्णसिंह नायब तहसीलदार, टोनी सैनी, हरिसिंह सैनी, पारस शर्मा, शालू सैन को क्लब परिवार के सदस्यों ने पटका पहनाकर सम्मानित किया।

### माता भूरा भवानी मंदिर सिसोठ में ध्वजा लेकर पहुंची महिलाएं



महेंद्रगढ़। सिसोठ मंदिर पहुंची श्रद्धालु महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

**महेन्द्रगढ़।** नवरात्रि के छठे दिन माता भूरा भवानी मंदिर सिसोठ में शहर महेंद्रगढ़ व गांव सिसोठ एवं रिवासा से श्रद्धालु महिलाओं का एक जत्था माता रानी की जयकारे लगाते हुए शहर महेंद्रगढ़ से कमलेश देवी निंभेड़िया के नेतृत्व में चला। 31 महिला श्रद्धालुओं का यह जत्था माता भूरा भवानी मंदिर में पहुंचा और ध्वजा चढ़ाई तथा मंदिर में पूजा अर्चना की। उनका वहां पहुंचने पर साध्वी शक्तिनाथ ने उनका स्वागत किया और अपना आशीर्वाद दिया। नवरात्रि के छठे दिन दुर्गा मां के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा अर्चना की गई। माता भूरा भवानी मंदिर के पुजारी धर्मदत्त शर्मा व साध्वी शक्तिनाथ ने बताया कि नवरात्रि का छठा दिन मां कात्यायनी को समर्पित है। इस दिन भक्त मां कात्यायनी का आराधना करते हैं। मां कात्यायनी जीवन को सफल और शरीर को निरोग होने का वरदान देती हैं। इस दिन लोग माता से लोग अच्छे स्वास्थ्य का वरदान मांगते हैं। माता कात्यायनी को पीला रंग अति प्रिय है। कमेटी के प्रधान संदीप यादव, कोषाध्यक्ष परमजीत व प्रेस सचिव मुकेश चौहान ने बताया कि माता भूरा भवानी मंदिर में साढ़े 5 बजे और शाम साढ़े 6 बजे आरती होती है और प्रतिदिन सुबह 6 बजे साध्वी शक्तिनाथ के सानिध्य में हवन होता है।

# दीपक कुमार को मिला सर्वश्रेष्ठ युवा समाजसेवी का अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना



कनीना के निवासी युवा समाजसेवी दीपक कुमार वशिष्ठ को नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट एंड एक्टिविस्ट संस्था निफा की ओर से सर्वश्रेष्ठ युवा समाजसेवी के रूप में चुना गया तथा वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस इंग्लैंड का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान नेशनल रजत जयंती समारोह के अवसर पर भारत मंडपम नई दिल्ली में प्रदान किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में दीपक कुमार वशिष्ठ को उनके अतुल्य योगदान के लिए सम्मानित किया गया। दीपक कुमार वशिष्ठ को शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति, दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिक जनों के कैंप, रक्तदान शिविर व महिला सशक्तिकरण आदि सामाजिक कार्यों में योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया।

इससे पूर्व भी दीपक कुमार वशिष्ठ को कई पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। इस सम्मान के लिए उन्होंने निफा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रितपाल सिंह पन्नू, हरियाणा प्रदेश के अध्यक्ष श्रवण शर्मा का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर निफा के फाउंडर प्रितपाल पन्नू सिंह, स्वामी ज्ञायानंद, निफा राष्ट्रीय अध्यक्ष अश्वनी शेट्टी, राष्ट्रीय संयोजक नरेश बराना, हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष श्रवण शर्मा आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीण खेल ढांचे में अलग पहचान बना रहा धौलेड़ा का खेल स्टेडियम

# धौलेड़ा वॉलीबॉल खेल नर्सरी को मिला उत्कृष्टअवार्ड

■ सरकार की ओर से 50 बच्चों को प्रतिमाह दिए जा रहे डाइट मनी के रूप में 2 हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

खंड नांगल चौधरी के गांव धौलेड़ा में बने राजीव गांधी खेल परिसर हरियाणा के ग्रामीण खेल ढांचे में एक नई पहचान बना रहा है। हाल ही में धौलेड़ा वॉलीबॉल खेल नर्सरी को हरियाणा सरकार के खेल विभाग की ओर से खेल सम्मान पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है, जो हरियाणा सरकार की खेलों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जिला महेंद्रगढ़ में ग्रामीण अंचल में धौलेड़ा वॉलीबॉल खेल नर्सरी अपनी अलग पहचान बना रही है।



नारनौल। वॉलीबॉल खेलते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### 75 उत्कृष्ट खेल नर्सरियों को किया सम्मानित

सेवा पर्व 2025 के तहत खेल विभाग हरियाणा की ओर से राज्य की 75 उत्कृष्ट खेल नर्सरियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डीडीएस एंड एफ धौलेड़ा वॉलीबॉल खेल नर्सरी को उत्कृष्ट वॉलीबॉल नर्सरी अवार्ड प्रदान किया गया। 24 सितंबर का दिन धौलेड़ा के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में दर्ज हो गया। पंचकूला में आयोजित समारोह में खेल विभाग के महानिदेशक संजय वर्मा व प्रधान सचिव नवदीप सिंह विर्क ने जब धौलेड़ा वॉलीबॉल खेल नर्सरी को सम्मान पत्र दिया, तो पूरा गांव गर्व से झूम उठा।

### खिलाड़ियों की उड़ान और नई पहचान

कोच अंकुश ने बताया कि हाल ही में राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ में छह खिलाड़ियों ने भाग लिया। हाल ही में स्कूली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में वॉलीबॉल में तीन बच्चे भाग ले रहे हैं। जिनमें अंडर 14 हर्षित, अंडर 17 हर्ष लंबा व अंडर 19 में अजय शामिल है।

### खिलाड़ियों की जुबानी सफलता की कहानी

वॉलीबॉल खिलाड़ी चेतन ने बताया कि हरियाणा सरकार हमें डाइट मनी के रूप में दो हजार रुपए प्रति महीने देती हैं, जिससे हमारी सेहत बेहतर रहती है। इस खेल ग्राउंड में हम यहां नियमित रूप से अच्छे माहौल और सुविधाओं के साथ अभ्यास करते हैं। खिलाड़ी आदित्य, हर्ष लांबा व अन्य का कहना है हरियाणा सरकार की योजना के तहत हमें खेल डाइट से खेल में रुचि, प्रदर्शन और हेल्थ में सुधार हुआ है।

### हरियाणा सरकार का प्रयास

सन 2019 में हरियाणा सरकार ने इसके जीर्णोद्धार पर 4.50 लाख रुपये खर्च कर इसमें नई जान फूंक दी। दिसंबर 2019 में हरियाणा सरकार के 4.50 लाख रुपये की लागत से इसका जीर्णोद्धार करवाया गया। खेल विभाग ने यहां कोच की नियुक्ति की। जिससे बच्चों की ट्रेनिंग को नया आयाम मिला।

# स्मॉल कैप और मिडकैप में कौन आगे, किसने दिया बढ़िया रिटर्न

▶▶ स्मॉल कैप और मिड कैप म्यूचुअल फंड्स हाई रिस्क, हाई रिटर्न इनवेस्टमेंट ▶▶ 3 साल, 5 साल और 10 साल में दोनों ही फंड कैटेगरी का एवरेज रिटर्न बढ़िया

▶▶ निवेशकों के लिए एसआईपी होता है सबसे अच्छा विकल्प, हो रहे मालामाल ▶▶ एसआईपी में लंबे समय में आपके धन को बढ़ाने की पूरी क्षमता, करें प्लानिंग

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

अलग-अलग मार्केट कैप सेगमेंट्स को रिप्रेजेंट करने वाले इक्विटी फंड्स में स्मॉल कैप और मिड कैप फंड्स को हाई रिटर्न देने के लिए जाना जाता है। इन दोनों फंड्स को को हाई रिस्क, हाई रिटर्न इनवेस्टमेंट माना गया है, लेकिन पिछले 3, 5 और 10 साल के रिटर्न के लिहाज से दोनों में से कौन सी कैटेगरी आगे रही है। इसे देखा जाए तो दोनों ही श्रेणियों का एवरेज रिटर्न काफी बढ़िया रहा है। निवेशकों ने अच्छा मुनाफा कमाया है। हालांकि मार्केट की उथल-पुथल के दौरान इनमें रिस्क भी अधिक होता है, जो पिछले 1 साल के दौरान दोनों ही कैटेगरी के एवरेज निगेटिव रिटर्न में नजर आता है, लेकिन 3 साल, 5 साल और 10 साल में स्मॉल कैप और मिड कैप, दोनों ही फंड कैटेगरी का एवरेज रिटर्न काफी बढ़िया रहा है। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि रिटर्न के मामले में दोनों फंड कैटेगरीज में कौन आगे रहा है, स्मॉल कैप या मिड कैप?

## क्या कहता है पिछला प्रदर्शन

स्मॉल कैप और मिड कैप म्यूचुअल फंड्स के पिछले 3, 5 और 10 साल के कैटेगरी एवरेज के आंकड़े काफी दिलचस्प हैं। लंबी अवधि के निवेश पर दोनों ही श्रेणियों ने काफी अच्छा रिटर्न दिया है। हालांकि एक दो साल का रिटर्न देखें तो कुछ खास नहीं दिखा। इसलिए बाजार के जानकारों का भी कहना है कि निवेश करने से पहले अपने लक्ष्य और धैर्य को जांच लें। हमेशा लंबी अवधिक के लिए निवेश करें। इसके लिए एसआईपी का सहारा भी लिया जा सकता है। एसआईपी में आपके धन को बढ़ाने की पूरी क्षमता होती है।

## 5 और 10 साल के रिटर्न में स्मॉल कैप आगे

पिछले 3 साल के रिटर्न के आंकड़ों में मिड कैप और स्मॉल कैप फंड कैटेगरी का एवरेज लगभग बराबर रहा है। इस दौरान स्मॉल कैप फंड कैटेगरी का रिटर्न 20.86% और मिड कैप का कैटेगरी रिटर्न उससे थोड़ा बेहतर 20.96% रहा है, लेकिन 5 और 10 साल के कैटेगरी एवरेज में स्मॉल कैप फंड आगे हैं। 5 साल में स्मॉल कैप फंड कैटेगरी का एवरेज रिटर्न 28.75% और मिड कैप कैटेगरी का औसत रिटर्न 26.38% रहा है। वहीं, 10 साल में स्मॉल कैप फंड कैटेगरी ने औसतन 17.24% और मिड कैप कैटेगरी ने 16.29% का एवरेज रिटर्न दिया है।

## रिटर्न के साथ रिस्क भी समझ लें

हालांकि 3 साल से लेकर 10 साल तक के कैटेगरी



एवरेज में स्मॉल कैप और मिड कैप इक्विटी फंड्स के आकर्षक रिटर्न साफ नजर आ रहे हैं, लेकिन इन आंकड़ों से पूरी तस्वीर साफ नहीं होती। इन दोनों कैटेगरी के इक्विटी फंड्स में निवेश शॉर्ट टर्म में कितना रिस्की होता है, इसका अंदाजा इनके पिछले 1 साल के निगेटिव रिटर्न को देखकर लगाया जा सकता है. पिछले एक साल में स्मॉल कैप फंड कैटेगरी का रिटर्न माइनस (-) 6.54% और मिड कैप कैटेगरी का रिटर्न माइनस (-) 3.94% रहा है।

## हाई रिस्क, हाई रिटर्न इनवेस्टमेंट

स्मॉल कैप और मिड कैप इक्विटी फंड्स को हाई रिटर्न, हाई रिस्क इनवेस्टमेंट कहा जा सकता है। रिस्कोमीटर पर भी इन दोनों कैटेगरी के सभी फंड्स को वेरी हाई रिस्क यानी बहुत अधिक जोखिम की रेटिंग ही दी जाती है। ऊपर दिए आंकड़ों से यह भी साफ है कि मिड कैप और स्मॉल कैप फंड्स में लंबी अवधि के लिए निवेश करने की सलाह क्यों दी जाती है।

## किन्हें करना चाहिए निवेश

ऊपर दिए आंकड़ों से ही कुछ बातें साफ होती हैं। पहली बात तो यह है कि स्मॉल कैप और मिड कैप इक्विटी फंड्स में निवेश उन्हीं लोगों को करना चाहिए, जो ऊंचा रिटर्न पाने के लिए मार्केट से जुड़ा हाई रिस्क लेने को तैयार हैं। दूसरी बात यह कि इनमें पैसे हमेशा लॉन्ग टर्म के लिए ही इनवेस्ट करना चाहिए। यह समझना भी जरूरी है कि इक्विटी फंड्स में पिछला रिटर्न आगे भी जारी रहेगा, इसकी कोई गारंटी नहीं है। इसलिए निवेश से पहले अपनी रिस्क लेने की क्षमता को हमेशा ध्यान में रखें।

## क्या हैं स्मॉल और मिड कैप

**स्मॉल-कैप :** स्मॉल-कैप कंपनियां वे होती हैं जिनका बाजार पूंजीकरण कम होता है, आमतौर पर 500 करोड़ रुपये से कम। ये कंपनियां अक्सर नई और तेजी से बढ़ने वाली होती हैं, और उनके शेयरों में उच्च जोखिम और उच्च रिटर्न की संभावना होती है।

**मिड-कैप:** मिड-कैप कंपनियां वे होती हैं जिनका बाजार पूंजीकरण मध्यम आकार का होता है, आमतौर पर 500 करोड़ रुपये से 20,000 करोड़ रुपये के बीच। ये कंपनियां अक्सर स्थापित और स्थिर होती हैं, और उनके शेयरों में मध्यम जोखिम और मध्यम रिटर्न की संभावना होती है।

## स्मॉल-कैप और मिड-कैप के लाभ

1. **उच्च विकास क्षमता:** स्मॉल-कैप और मिड-कैप कंपनियों में उच्च विकास क्षमता होती है, जिससे उनके शेयरों की कीमतें बढ़ सकती हैं।
2. **विविधीकरण :** स्मॉल-कैप और मिड-कैप शेयरों में निवेश करने से आपके पोर्टफोलियो में विविधीकरण होता है, जिससे जोखिम कम होता है।
3. **निवेश के अवसर :** स्मॉल-कैप और मिड-कैप कंपनियों में निवेश करने से आपको नए और रोमांचक निवेश अवसर मिलते हैं

# जरूरत और चाहत में फर्क समझें, बाजार की चकाचौंध में न बिगाड़ लें अपना बजट

अलर्ट
विनोद कौशिक

■ बाजार जाएं तो ऑफर्स को देखकर ललचाएं नहीं, संयम बरतना जरूरी
■ अपनी जरूरत के हिसाब से ही सामान खरीदें, ताकि कर्ज का बोझ न बढ़े
■ कुछ भी खरीदने से पहले जांच लें कि हमें इसकी कितनी जरूरत
■ त्योहारों की खरीदारी में खुशियों और जेब का संतुलन रखना बेहद जरूरी

नवरात्रों के साथ ही त्योहारी सीजन भी शुरू हो गया है। बाजार में तरह-तरह की चीजों की भरमार है। दुकानदार इस समय तमाम ऑफर्स पेश कर ग्राहकों को लुभा रहे हैं। ऐसे में आपको भी थोड़ा सावधान रहने की जरूरत है। कई बार ग्राहक बाजार में ऑफर्स देखकर ललचा जाते हैं, लेकिन आपको ध्यान रखना होगा कि त्योहारों की खरीदारी के चक्कर में कहीं आपका बजट बिगड़ न जाए। इसलिए अपना बजट देखकर ईएमआई और लोन ऑफर्स के बीच चाहत और जरूरत में फर्क समझें और खुशियों और जेब के बीच संतुलन बनाकर ही खरीदारी करें। इससे आप अनावश्यक दबाव से बच सकेंगे और बिना किसी कर्ज के खुशियां मना सकेंगे। क्रेडिट कार्ड से खरीदारी न करें, बेहद जरूरी होने पर ही क्रेडिट कार्ड का प्रयोग करें, वरना ईएमआई का बोझ आपको परेशान कर सकता है।

## बढ़ जाता है खरीदारी का क्रेज

त्योहारों का मौसम जैसे ही नजदीक आता है, खरीदारी का उत्साह तेजी से बढ़ जाता है। नवरात्र और दशहरे के बाद दिवाली तक हर जगह डिस्काउंट व ऑफर्स की बौछार होती है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे अमेजन और फ्लिपकार्ट की सेल तो लोगों को और ज्यादा लुभाती हैं। बैंक और फिनटेक कंपनियां आसान ईएमआई, बाय नाऊ पे लेटर और लो-इंटरेस्ट लोन की सुविधा देकर शॉपिंग को आकर्षक बना देते हैं, लेकिन शॉपिंग की इस होड़ के बीच बजट बिगड़ने और कर्ज के जाल में फंसने का रिस्क बढ़ जाता है। त्योहार की खरीदारी जेब पर बड़ा बोझ न बन जाए, इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।



**इस फर्क को समझना जरूरी :** त्योहारों पर डिस्काउंट और ऑफर इतने आकर्षक होते हैं कि अक्सर लोग जरूरत और चाहत के बीच का फर्क ही भूल जाते हैं। उदाहरण के तौर पर घर के लिए जरूरी फ्रिज या बच्चों के लिए पढ़ाई का लैपटॉप खरीदना एक जरूरत है, जबकि लेटेस्ट स्मार्टफोन या महंगे गैजेट लेना सिर्फ चाहत हो सकती है। इसलिए इन चीजों के बीच के फर्क को समझकर ही खरीदारी करेंगे तो कर्ज के जाल से बच सकेंगे और हंसी खुशी के साथ त्योहार मना सकेंगे।

**बजट तय करें और उस पर टिके रहें :** खरीदारी का असली आनंद तभी है जब वह आपको बाद में तनाव न दे। त्योहारों के मौसम में हर चीज पर खर्च करने का मन करता है, लेकिन अगर आप पहले से कैटेगरी-वाइज बजट बना लें तो हालात आपके नियंत्रण में रहेंगे। उदाहरण के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़े, सजावट और गिफ्टिंग के लिए अलग-अलग रकम तय करें। आजकल कई मोबाइल ऐप्स हैं जिनसे आप रियल-टाइम में अपने खर्च को ट्रैक कर सकते हैं। सिर्फ बजट बनाना काफी नहीं है। असली फायदा तब है, जब आप उस पर मजबूती से टिके रहें।

**लोन लेते समय सावधानी :** त्योहारों पर ईएमआई और बीएनपीएल स्कीमें बहुत आसान लगती हैं, लेकिन याद रखें, यह सब शुरुआत में जितना आसान लगता है, उतना होता नहीं, क्योंकि किस्तें लंबे अरसे तक चलती रहती हैं। एक थंब रूल यह है कि आपकी मंथली इनकम में ईएमआई का हिस्सा अधिकतम 30 से 40 प्रतिशत तक होना चाहिए। इससे बचत और इमरजेंसी खर्चों के लिए भी जगह बनी रहती है। साथ ही ईएमआई को ऑटो-डेबिट में डालना बेहतर है, ताकि पेमेंट में देरी की वजह से पेनाल्टी न देनी पड़े।

## कई लोन लेने की गलती न करें

त्योहार के जोश में लोग कई बार एक साथ अलग-अलग जगहों से लोन ले लेते हैं. कहीं से पर्सनल लोन, कहीं से क्रेडिट कार्ड ईएमआई। नतीजा यह होता है कि हर महीने कई किस्तें चुकानी पड़ती हैं और बजट पूरी तरह गड़बड़ा जाता है। लोन लेने से पहले शर्तें अच्छी तरह पढ़ें। ब्याज दर के अलावा हिडेन चार्ज और पेनल्टी पर भी ध्यान दें। जो ईएमआई अभी सस्ती दिख रही है, हो सकता है लंबे समय में वह महंगी पड़ जाए। इसलिए सिर्फ वही लोन लें जो वास्तव में जरूरी हो और जिसे चुकाना आपके लिए आराम से संभव हो।

## स्मार्ट शॉपिंग से बढ़ाएं बचत

त्योहारों पर डिस्काउंट, बैंक ऑफर्स और कैशबैक एक साथ मिलकर अच्छा फायदा दे सकते हैं। समझदारी इसी में है कि इन ऑफर्स का सही ढंग से इस्तेमाल किया जाए। कई लोग फियर ऑफ मिसिंग आउट यानी एफओएमओ में आकर जरूरत से ज्यादा खर्च कर देते हैं। याद रखें, ऑफर्स हर साल आते हैं, लेकिन आर्थिक मजबूती सबसे जरूरी है। बजट में जितनी गुंजाइश है, उतना ही खर्च करें। त्योहार परिवार के संग खुशियां मनाने और वक्त बिताने का मौका हैं। उन्हें कर्ज और तनाव का कारण न बनने दें।

# जितना जल्दी निवेश शुरू करेंगे उतनी ही जल्दी बढ़ जाएगा पैसा

● कुछ छोटे छोटे टिप्स जेन जेड को दिला सकते हैं बड़ा रिटर्न ● अभी-अभी कमाना शुरू किया तो निवेश करना शुरू करें ● एसआईपी, डिजिटल गोल्ड जैसे ऑप्शंस दे रहे मजबूत पोर्टफोलियो ● जेन जेड ऐसी पीढ़ी है जो डिजिटल रूप से जुड़ी हुई ● फाइनेंशियल लिटरेसी को लेकर भी काफी सतर्क और जागरूक, जल्दी निवेश से मिलता है कंपाउंडिंग का जबरदस्त फायदा

तैयारी
बिजनेस डेस्क

अगर आप यूथ यानी जेन जेड हैं और निवेश कर पैसा बढ़ाना चाहते हैं तो अपनी पहली सैलरी के साथ ही निवेश करना शुरू कर दें। आप जितना जल्दी निवेश शुरू करेंगे आपका पैसा उतना जल्दी ही बढ़ेगा। यूथ यानी जेन जेड के लिए निवेश सिर्फ बचत का तरीका नहीं, बल्कि जल्दी आर्थिक आजादी पाने का भी रास्ता है। छोटे-छोटे निवेश से शुरू करके और सही जगह पैसे लगाकर बड़े रिटर्न हासिल किए जा सकते हैं। म्यूचुअल फंड एसआईपी, डिजिटल गोल्ड जैसे ऑप्शंस युवाओं को कम रकम से भी मजबूत पोर्टफोलियो बनाने का मौका देते हैं। जेन जेड एक ऐसी पीढ़ी है जो डिजिटल रूप से काफी जुड़ी हुई है और फाइनेंशियल लिटरेसी को लेकर भी काफी जागरूक है। ये युवा सिर्फ पैसे कमाना नहीं, बल्कि उसे समझदारी से इन्वेस्ट करके बढ़ाना भी चाहते हैं। शुरुआती उम्र में इन्वेस्टमेंट शुरू करने से कंपाउंडिंग का जबरदस्त फायदा मिलता है, जिससे थोड़े-थोड़े पैसे भी समय के साथ एक बड़ी रकम में बदल सकते हैं, लेकिन ये जानना ज़रूरी है कि कौन से ऑप्शन्स उनके लिए बेस्ट हैं, खासकर जब उनके पास इन्वेस्ट करने के लिए बहुत ज्यादा पैसे ना हों।

## म्यूचुअल फंड्स एसआईपी का जादू

म्यूचुअल फंड एसआईपी जेन जेड के लिए सबसे आसान और भरोसेमंद विकल्प है। खासकर अगर आपको स्टॉक मार्केट की ज्यादा जानकारी नहीं है। इसमें आप महज 500 प्रति माह से शुरुआत कर सकते हैं। हालांकि इसमें थोड़ा लंबी अवधि के लिए निवेश करना होता है, लेकिन यह पैसे बचाने और अच्छा रिटर्न पाने का बेहतरीन तरीका है। एसआईपी को धीरे-धीरे बढ़ाया भी जा सकता है। इसमें आपको 12-15% तक का औसत वार्षिक रिटर्न लंबे समय में मिल सकता है। आपका पैसा कई जगह इन्वेस्ट होता है, जिससे रिस्क कम हो जाता है। एक्सपर्ट्स आपके पैसे को मैनेज करते हैं। जरूरत पड़ने पर आप आसानी से अपने पैसे निकाल भी सकते हैं। अगर आप 1,000 महीने की एसआईपी 20 साल तक करें और 12% रिटर्न मिले तो करीब 9.19 लाख का फंड बन सकता है, जबकि निवेश सिर्फ 2.4 लाख रुपये का होगा।

## डिजिटल गोल्ड—सुरक्षित व आसान

आज के युवाओं को गोल्ड का पुराना झंझट पसंद नहीं। इसलिए उनके लिए डिजिटल गोल्ड निवेश का बेहतरीन ऑप्शन हो सकता है। इसमें निवेश करने के लिए आपको कहीं जाने की जरूरत नहीं है। निवेश के लिए कई प्लेटफॉर्म ऑनलाइन उपलब्ध हैं। ये जेन जेड के लिए निवेश करने के लिए आसान हैं। युवा इन एप्स के जरीये आसानी से निवेश कर अपने पैसे को बढ़ा सकते हैं। इसमें 24 कैरेट का शुद्ध सोना खरीद सकते हैं। सिर्फ 100 रुपये से भी निवेश की शुरुआत कर सकते हैं। मेकिंग चार्ज का झंझट नहीं होता। सेफ्टी को लेकर बहुत फिक्रमंद रहने की जरूरत नहीं होती। आप चाहें तो भविष्य में इसे फिजिकल गोल्ड में भी कन्वर्ट करवा सकते हैं। इसके अलावा गोल्ड हमेशा महंगाई को मात देता है और पोर्टफोलियो को स्थिरता देता है।




## कहां निवेश करें?

▶▶| फोन पे, पेटीएम, गूगल पे जैसे प्लेटफॉर्म पर डिजिटल गोल्ड खरीद सकते हैं।
▶▶| पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ)—गारंटीड रिटर्न
▶▶| लॉन्ग टर्म और सुरक्षित निवेश चाहने वालों के लिए पीपीएफ परफेक्ट है। इसके जरिए लॉन्ग टर्म में मोटा फंड तैयार किया जा सकता है।

## यह होगा फायदा

इसमें सालाना 500 रुपये मिनिमम निवेश कर सकते हैं। हालांकि बड़े रिटर्न के लिए बड़ी राशि निवेश करनी पड़ेगी। सरकार हर तिमाही ब्याज दर तय करती है। फिलहाल 7.1% है, जो तमाम स्कीम्स की तुलना में बेहतर है। ईईई की कैटेगरी में आने के कारण आपका तीन तरह से टैक्स बचाएगी।

## कैसे करें निवेश?

▶▶| बैंक या पोस्ट ऑफिस में जाकर आप इस स्कीम को शुरू कर सकते हैं।
▶▶| पी2पी लेंडिंग पर सीधे पैसे उधार दें
▶▶| पी2पी लेंडिंग एक नया इन्वेस्टमेंट ऑप्शन है जहां आप सीधे दूसरों को पैसे उधार देते हैं और बदले में ब्याज कमाते हैं।-ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के ज़रिए आप उन लोगों या छोटे बिज़नेसेस को पैसे उधार देते हैं जिन्हें जरूरत होती है।
▶▶| आमतौर पर बैंक एफडी से ज्यादा ब्याज मिलता है (10-18% तक)। आपके इन्वेस्टमेंट पोर्टफोलियो में एक नया एसेट क्लास जुड़ता है। फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) : सुरक्षित और स्थिर अगर आपके पास एकमुश्त रकम है और आप निवेश पर कोई रिस्क नहीं लेना चाहते, तो एफडी एक अच्छा ऑप्शन है। इसमें आप बैंक या पोस्ट ऑफिस में एक निश्चित अवधि के लिए पैसे जमा करते हैं और आपको उस पर फिक्स्ड ब्याज मिलता है। इसमें आपके पैसे पूरी तरह सुरक्षित रहते हैं। आपको पहले से पता होता है कि कितना ब्याज मिलेगा। मार्केट के उतार-चढ़ाव का कोई असर नहीं होता।

**जानकारी** मुद्रास्फीति और उतार-चढ़ाव वाली ब्याज दरें बन जाती हैं खतरा, इसलिए पहले से ही कर लें निवेश की तैयारी

**सेवानिवृत्ति के बाद बुढ़ापे को सुरक्षित रखने के लिए कदम ताकि किसी पर डिपेंड नहीं रहना पड़े**


# एन्युटी में निवेश कर सेवानिवृत्ति के बाद हो जाएं आर्थिक रूप से स्वतंत्र, बुढ़ापे में आर्थिक आज़ादी से बनी रहती है मानसिक शांति

समझदारी
सुश्री विद्या अय्यर

हर व्यक्ति सेवानिवृत्ति के बाद आर्थिक रूप से सुरक्षित रहना चाहता है। चाहे वेतनभोगी हों या स्व-रोज़गार वाले लोग, सभी चाहते हैं कि बुढ़ापे में आर्थिक आज़ादी और मानसिक शांति बनी रहे, लेकिन, मुद्रास्फीति और उतार-चढ़ाव वाली ब्याज दरें अक्सर दीर्घकालिक आय सुरक्षा के लिए खतरा बन जाती हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए ब्याज दरों में कटौती की है। इससे सुनिश्चित बचत विकल्पों पर मिलने वाले रिटर्न में कमी आई है, जिससे सेवानिवृत्त लोगों को अपनी बचत से कम आय हो रही है। इसलिए आपको पहले से ही जागरूक होना होगा और सेवा निवृत्ति के बाद बुढापे को सुरक्षित रखने के लिए कदम उठाने होंगे। आपके लिए एन्युटी में निवेश बेहतर विकल्प हो सकता है। इससे आपको जीवन भर की आय मिल सकती है और किसी डिपेंड नहीं रहना होगा। तभी आप अपना भविष्य सुरक्षित रख पाएंगे।

## एन्युटी (वार्षिकी) कैसे मदद करती हैं?

सेवानिवृत्ति के बाद स्थिर और नियमित आय हो तो लोग वित्तीय रूप से सुरक्षित रहते हैं। इस तरह की नियमित आय से सेवानिवृत्त लोग जीवनयापन के खर्च के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवा या अपने हर तरह के शौक पूरे कर सकते हैं और दूसरों पर निर्भर हुए बिना शांति से जीवन-यापन करसकते हैं। एन्युटी जीवन भर की आय प्रदान करती है। यह आय मासिक, त्रैमासिक या वार्षिक आधार पर हासिल की जा सकती है और इसे जीवन भर या निश्चित अवधि के लिए अपनी ज़रूरत के अनुरूप व्यवस्थित किया जा सकता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत है कि इसमें निश्चितता होती है। सेवानिवृत्त लोगों को पता होता है कि उन्हें नियमित आय होगी जो उन्हें आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने में मदद कर सकती है।



## एन्युटी में निवेश करने का यह सही समय क्यों?

ब्याज दरों में गिरावट के माहौल में, एन्युटी विशेष रूप से उपयोगी होती हैं। इससे खरीद के समय ब्याज दर लॉक हो जाती है, जिससे जीवन भर के लिए आय की गारंटी सुनिश्चित होती है और ब्याज दर में किसी भी उतार-चढ़ाव का उन पर कोई असर नहीं पड़ता। भारत विकसित अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है, इए में ब्याज दरों में कमी आने की उम्मीद है, जैसा कि अमेरिका और जापान जैसे देशों में देखा जा रहा है। अभी कदम उठाने से भविष्य की आय सुरक्षित करने में मदद मिल सकती है। जो लोग सेवानिवृत्ति के करीब हैं, उनके लिए पूर्वानुमान सुरक्षा लाता है।

## विवेकपूर्ण विकल्प

एन्युटी उत्पाद इस मायने में बहुमुखी हैं कि ये न केवल सेवानिवृत्त व्यक्ति के लिए बल्कि जीवनसाथी के लिए भी गारंटीशुदा आय सुनिश्चित करते हैं। सेवानिवृत्ति की योजना बना रहे किसी भी व्यक्ति के लिए, एन्युटी एक स्मार्ट और भविष्य की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए तैयार विकल्प है। अनिश्चितता के दौर में, एन्युटी विश्वसनीयता प्रदान करती है। इस पर आधारित योजनाएं सेवानिवृत्त लोगों को आगे की योजना बनाने का आत्मविश्वास देती हैं, उन्हें ब्याज दर में उतार-चढ़ाव से बचाती हैं और आजीवन स्वतंत्रता सुनिश्चित करती हैं। आज की दरों पर आय को सुरक्षित कर, व्यक्ति अपने स्वर्णिम वर्षों के लिए मज़बूत और सुरक्षित आधार तैयार कर सकते हैं।

*(लेखक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के फिक्स्ड इन्कम हेड हैं।)*

## क्या है एन्यूटी

एन्यूटी एक प्रकार का निवेश है जिसमें आप एक निश्चित राशि का भुगतान करते हैं और बदले में एक निश्चित अवधि के लिए नियमित आय प्राप्त करते हैं। एन्यूटी में निवेश करने से आपको एक स्थिर और अनुमानित आय मिल सकती है, जो आपके वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकती है।

## एन्यूटी के प्रकार

1. **फिक्स्ड एन्यूटी** : इसमें आपको एक निश्चित दर पर आय मिलती है, जो आपके निवेश की अवधि के दौरान नहीं बदलती है।
2. **वेरिएबल एन्यूटी** : इसमें आपकी आय बाजार की स्थिति के आधार पर बदल सकती है।
3. **इंडेक्स-लिंक्ड एन्यूटी** : इसमें आय एक विशिष्ट सूचकांक के प्रदर्शन से जुड़ी होती है, जैसे कि शेयर बाजार सूचकांक।

## एन्यूटी के लाभ

1. **नियमित आय** : एन्यूटी में निवेश करने से आपको एक नियमित आय मिलती है, जो आपके वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकती है।
2. **जोखिम कम** : एन्यूटी में निवेश करने से जोखिम कम होता है, क्योंकि आपको एक निश्चित आय मिलती है।
3. **वित्तीय सुरक्षा** : एन्यूटी में निवेश करने से आपको वित्तीय सुरक्षा मिलती है, जो आपके भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हो सकती है।

## एन्यूटी के लिए कौन उपयुक्त

**1. रिटायर्ड व्यक्ति**
एन्यूटी में निवेश करना रिटायर्ड व्यक्तियों के लिए उपयुक्त हो सकता है, जो एक नियमित आय की तलाश में हैं।

**2. जोखिम से बचने वाले निवेशक**
एन्यूटी में निवेश करना जोखिम से बचने वाले निवेशकों के लिए उपयुक्त हो सकता है, जो एक निश्चित आय की तलाश में हैं।

**3. वित्तीय सुरक्षा की तलाश में**
एन्यूटी में निवेश करना उन लोगों के लिए उपयुक्त हो सकता है जो वित्तीय सुरक्षा की तलाश में हैं।

## खबर संक्षेप



### तबादला होने पर नायब तहसीलदार को दी विदाई

**कनीना।** बदली होना सर्विस प्रक्रिया का हिस्सा है। इससे अधिकारी व कर्मचारी को घबराना नहीं चाहिए। कनीना एक अच्छी तहसील है। जहां आमजन भाईचारे की भावना को अधिक महत्व देते हैं। यह बातें तहसीलदार पायल यादव ने नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुग्गल की बदली होने पर कार्यालय में आयोजित विदाई पार्टी में कही। उन्हें करीब डेढ़ साल पूर्व कनीना में नायब तहसीलदार के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था। पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के अध्यक्ष पटवारी शमशेर सिंह के नेतृत्व में दलबीर सिंह दुग्गल को स्मृति चिह्न प्रदान कर विदाई दी।

### बवाना में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**महेंद्रगढ़।** गांव बवाना में महिला एवं बाल विकास विभाग ने राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुपरवाइजर अनीता यादव ने की, जबकि संचालन आंगनबाड़ी वर्कर स्वीटी द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एक पोषण जागरूकता साइकिल रैली से हुई, जिसके बाद राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों, महिलाओं और पुरुषों को पोषण और स्वास्थ्य के महत्व के बारे में शपथ दिलाई गई।

### हकेंवि में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के इंटरडिसिप्लिनरी एवं एप्लाइड साइंसेज स्कूल के पोषण जीव विज्ञान विभाग द्वारा पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के अंतर्गत विभाग द्वारा वेबिनार व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 'द स्मार्ट ग्रेनः बायोफोर्टिफाइड राइस एंड द फाइट अगेंस्ट हिडन हंगर' विषय पर यह वेबिनार इस वर्ष की राष्ट्रीय थीम 'बेहतर जीवन के लिए सही खानपान' के अंतर्गत आयोजित इस वेबिनार में आईसीएआर-भारतीय चावल अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद के वैज्ञानिक डॉ. पापा राव वैकुंटपू मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

### विधायक ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर लीला का किया शुभारंभ

# परिषद के रंगमंच पर दशरथ मरण की करुणा भरी लीला का मंचन

> मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जीवन चरित्र से कुछ न कुछ अवश्य अपने जीवन में अपनाने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

रामलीला परिषद के रंगमंच पर दशरथ मरण की भावविभोर कर देने वाली लीला का मंचन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक कंवर सिंह यादव व अध्यक्ष भाजपा जिला महामंत्री योगेश शास्त्री ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर लीला का शुभारंभ किया। विधायक कंवर सिंह ने भगवान राम की मानवीय लीलाओ पर विस्तार से प्रकाश डाला और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जीवन चरित्र से कुछ न कुछ अवश्य अपने जीवन में अपनाने की अपील की।

रामलीला परिषद के मंच पर राम लक्ष्मण व जानकी के वियोग में दशरथ मरण पर वरिष्ठ कलाकार सुधीर दीवान के एक एक संवाद पर दर्शक दिल से जुड़ गए। सुंदर प्रकाश व्यवस्था व दशरथ के बेहतरीन संवादों के साथ सार्थकता उत्पन्न कर दी।



महेंद्रगढ़। रामलीला का मंचन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

दशरथ का रानी कौशल्या को ज्ञानवती और शान्तनु का श्राप स्मरण कारवां जब फ्लैशबैक दिखाया गया तो लोग परिषद के कलाकारों की तैयारी देखकर हैरान रह गए। राम के अभिनय में रवि सैनी, लक्ष्मण जयसिंह, भरत राहुल नरवलिया, शत्रुघ्न यश शर्मा का अभिनय काफी सराहा गया। ललित खोरीवाला ने सुमन्त के अभिनय में जान डालते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। परिषद की ओर से रामचंद्र जांगड़ा, राजेन्द्र पोपली, कुलदीप शर्मा, अतुल दीवान, अमित मिश्रा, विजय महक, सतीश पटौदिया ने अतिथियों को पुष्पमाला, अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सिसोठ धाम से महाराज शक्तिनाथ, रणधीर सिंह, आनंद सोनी, सुरेश शास्त्री, सुनील यादव, अनिल सेठ, कमल डागर, राजेंद्र घाघरी, विक्रम यादव व प्रवीण दीवान आदि उपस्थित रहे।



नारनौल। रामलीला में मंचन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

### रामलीला चांदुवाड़ा की हीरक जयंती में उमड़ा जनसैलाब

**नारनौल।** श्री धार्मिक रामलीला ट्रस्ट चांदुवाड़ा की ओर से आयोजित 75वें रामलीला मंचन के सातवें दिन शुक्रवार रात्रि अत्री मिलन, विराद वध व गुरु चेला की लीला का मंचन मनोज वर्मा के निर्देशन में किया गया। रामलीला ट्रस्ट सचिव दीपक हरित ने बताया कि दीपक हरित ने राम, राजेश सोनी ने सीता, अनिल चौहान ने लक्ष्मण, सत्यम वर्मा ने गुरु वशिष्ठ, रोहित वालिया ने कैकेयी, विकास चौहान ने कौशल्या, रामनिवास ने सती अनुसुइया, डॉ. राधेश्याम ने अत्री, बलवंत सैनी ने राक्षस विराद, मनमोहन सोनी ने ऋषि अगस्त्य व नरेश बादल ने सुतीक्षण के किरदारों में अपने जीवंत अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुगध कर दिया। रामलीला के कोषाध्यक्ष जगदीश भारद्वाज ने बताया कि रामलीला के सातवें दिन की लीला में वन में विचरण करते वक्त प्रभु राम राह में मिलने वाले अनेक राक्षसों का संहार करते हुए ऋषि मुनियों को उनके आतंक से मुक्ति दिलाते हैं। उन्होंने बताया कि प्रधान एडवोकेट पीसी गुप्ता मुख्य अतिथि थे। अध्यक्षता बजरंग लाल चौधरी व राजेश चौधरी ने की। विशिष्ट अतिथि कमल संघी, डॉ. मुकेश बंबोरिया, डॉ. सुरेंद्र मित्तल व डॉ. मेघा मित्तल थी। ट्रस्ट प्रधान संजय गर्ग ने कार्यकारिणी के साथ सभी अतिथिगणों को पटका व माला पहनाकर सम्मानित किया।



नारनौल। रामलीला में मंचन करते हुए कलाकार। फोटो : हरिभूमि

### खरदूषण वध की लीला का हुआ मंचन

**नारनौल।** अनाज मंडी स्थित श्रीकृष्णा ड्रैमेटिकल क्लब के रंग मंच पर भगवान नारायण सेवा संस्था की ओर से आयोजित की जा रही श्रीराम लीला मंचन के आठवें दिन सती अनुसुइया, गुरु चेला, शूर्पणखा की नाक काटना, खरदूषण वध की लीला का मंचन किया गया। मंच संचालक रतनलाल ने किया। रामलीला कमेटी सहसचिव प्रीति अग्रवाल ने बताया कि लीला का शुभांरभ मुकेश मित्तल, महेश जैन ने किया। रामलीला कमेटी के प्रधान मोनू भाटा ने बताया कि रावण की बहन शूर्पणखा ने भगवान राम से शादी करने का प्रस्ताव रखा। राम के इंकार करने पर वह लक्ष्मण की ओर गई और उनसे शादी करने की जिद करने लगी। लक्ष्मण के बार बार इंकार करने पर भी जब नहीं मानी तो लक्ष्मण ने उसकी नाक काट डाली। कटी नाक लेकर विलाप करती हुई शूर्पणखा अपने भाई खरदूषण के पास गई। तब खरदूषण 30 हजार सैनिकों सहित पंचवटी में युद्ध करने आ गए।

### राम वनवास की लीला का किया मंचन



**मंडी अटेली।** कस्बे के झंडा चौक पर श्री शिव रामलीला समिति के नेतृत्व में चल रही रामलीला में भगवान राम के वनवास का मंचन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि डॉ. दीपक आचार्य कलवाड़ी रहे। रामलीला मंचन में राजा दशरथ जब भगवान राम का राजतिलक करने की घोषणा करते हैं, तभी रानी कैकेयी अपनी दासी मंथरा के बहकावे में आकर राजा दशरथ से स्वयं को पूर्व में दिए गए दो वरदानों के तहत राम को 14 वर्ष का वनवास व अपने पुत्र भरत को राजा बनाने की मांग करती है। कैकेयी की ओर से मांगे गए इन वरदानों से दशरथ की हालत बिगड़ जाती है। इस बात की जानकारी होने पर राम स्वयं ही वनवास जाने की तैयारी करने लगते हैं। श्रीराम के साथ सीता माता व लक्ष्मण भी वनवास चले जाते हैं।

# नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में यदुवंशी स्कूल में डांडिया का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में यदुवंशी स्कूल में शनिवार को विशेष गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें गरबा, डांडिया नृत्य, भक्ति गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल थी। पूरे विद्यालय का वातावरण माँ दुर्गा की भक्ति और उत्साह से सराबोर रहा।

कार्यक्रम में छात्रों ने अपने पारंपरिक परिधानों के साथ सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। नवरात्रि के पावन गीतों पर प्रस्तुत की गई सांस्कृतिक झलकियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय परिवार ने मिलकर माँ दुर्गा की आराधना की और सबको सद्भाव, ऊर्जा और नई प्रेरणा के स्रोत से ओत-प्रोत किया। प्राचार्य ने अपने वक्तव्य में कहा कि नवरात्रि केवल उत्सव नहीं बल्कि आत्मशक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। ग्रुप के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि शांति और भक्ति दोनों का संतुलन जीवन में आवश्यक है। आज के कार्यक्रम ने यह सिद्ध किया कि हमारे बच्चे न केवल पढ़ाई में आगे हैं बल्कि सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं।



महेंद्रगढ़। यदुवंशी स्कूल में डांडिया प्रस्तुत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# आईपीआर का महत्व दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा: जैदी

## आरपीएस में आईपीआर अवेयरनेस विषय पर कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस कॉलेज बलाना के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा छात्रों और शिक्षकों में बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यशाला में भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अधीन पेटेंट्स और डिज़ाइन्स विभाग में परीक्षक के पद पर कार्यरत यासिर अब्बास जैदी मुख्य वक्ता थे।

यासिर अब्बास जैदी ने अत्यंत प्रभावी एवं सरल भाषा में बौद्धिक संपदा के विभिन्न प्रकारों पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट, डिजाइन्स एवं जीआई टैग आदि की व्याख्या की और बताया कि कैसे कोई व्यक्ति या संस्था अपने नवाचार या रचनात्मक कार्य को कानूनी रूप से संरक्षित कर सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान डिजिटल युग में आईपीआर का महत्व दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और युवाओं को इसके प्रति जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। कार्यशाला के दौरान छात्रों ने पेटेंट फाइलिंग की प्रक्रिया, अनुसंधान एवं नवाचार में आईपीआर की भूमिका तथा इससे जुड़े कानूनी और व्यावसायिक पहलुओं पर कई महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे, जिनका जैदी ने विस्तृत और संतोषजनक उत्तर दिया। कॉलेज के निदेशक डॉ. महेश यादव ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों को नई दृष्टि और भविष्य के अवसरों की ओर प्रेरित करती हैं। रजिस्ट्रार डॉ. देवेंद्र यादव ने कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि संस्थान हमेशा से विद्यार्थियों को शोध और नवाचार की ओर प्रोत्साहित करता आया है।



महेंद्रगढ़। जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

### आभार जताया

*कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें यासिर अब्बास जैदी को उनके बहुमूल्य मार्गदर्शन और समय के लिए हार्दिक आभार प्रकट किया गया। कार्यशाला के उपरांत विभागाध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र जिन्दल ने विशेषज्ञ का आभार व्यक्त किया। कार्यशाला में डीन डॉ. हेमन्त कुमार, सभी विभागाध्यक्ष, कॉलेज प्राध्यापक व स्नातकोतर के सभी संकायो के विद्यार्थी उपस्थित रहे।*

# स्वदेशी संकल्प यात्रा का सफल आयोजनः राजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक राजेश शास्त्री ने संगठन के सभी कार्यकर्ताओं व सहयोगियों का धन्यवाद किया। आज देश में स्वदेशी की बहुत बड़ी आवश्यकता है और समाज में जागरूकता बढ़ाने के लिए समय की आवश्यकता है। जिले में तीन दिन चले स्वदेशी संकल्प यात्रा का गांव व शहरों में व्यापक स्वागत स्वागत किया गया। इस दौरान हजारों लोगों ने स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग का संकल्प लिया। इस तीन दिवसीय के कार्यक्रम में उन्होंने यात्रा के सहयोगी रहे सभी खंड व जिले के पदाधिकारियों का धन्यवाद किया तथा प्रदेश व विभाग के अधिकारियों का समय पर मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने विशेष रूप से विश्व हिन्दू परिषद के जिला संयोजक सावंत सिंह, सेवा भारती के सुधीर मित्तल, अटेली के आनंद प्रकाश, डॉ. विकास, राकेश यादव, रामकिशन एडवोकेट महलावत, वेदप्रकाश लुहाच का धन्यवाद किया।



नारनौल। लोगों को जागरूक करते स्वदेशी जागरण मंच के संयोजक राजेश शास्त्री।

### मां दुर्गा के नौ रूपों का विद्यार्थियों ने किया मनमोहक मंचन



**महेंद्रगढ़।** बीआर स्कूल सेहलंग में नवरात्रि पर्व बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रांगण को फूलों और रंग-बिरंगे पट्टों से सजाया गया। वातावरण में भक्ति और उमंग का विशेष संचार था। मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय चेयरमैन हरीश भारद्वाज उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या ज्योति भारद्वाज ने की। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और मंगलाचरण से हुआ। विद्यार्थियों ने मंच पर विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। विशेष रूप से कक्षा तीसरी से पांचवीं की छात्राओं ने मां दुर्गा के नौ रूपों का मंचन किया। विद्यार्थियों ने भी नृत्य और भक्ति गीतों के माध्यम से सुंदर प्रस्तुतियां दी, जिनसे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। प्रधानाचार्या ज्योति भारद्वाज ने कहा कि नवरात्रि पर्व हमें यह शिक्षा देता है कि नारी शक्ति का सम्मान करें और मां दुर्गा की तरह साहस और सद्गुणों से युक्त जीवन जिएं। विद्यार्थी सदैव सच्चाई और परिश्रम के मार्ग पर चलें। चेयरमैन हरीश भारद्वाज ने कहा कि मां दुर्गा शक्ति और विजय की प्रतीक है। यह पर्व हमें सिखाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी साहस बनाए रखें और बुराई का डटकर सामना करें।

# दा वेदांता स्कूल में नवरात्रि पर किया हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

दा वेदांता इंटरनेशनल स्कूल में नवरात्रि के पावन अवसर पर धार्मिक व सांस्कृतिक वातावरण के बीच हवन व पूजन कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संपूर्ण स्टाफ सदस्य, सभी विद्यार्थी, अभिभावक, परिवहन विभाग से जुड़े ड्राइवर व कंडक्टर तक ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। मंत्रों के उच्चारण व आहुति से पूरा वातावरण पवित्र और ऊर्जामय हो गया। हवन के दौरान सभी उपस्थितजन जय माता दी और सर्वे भवंतु सुखिनः के जयकारों के साथ देवी मां की आराधना में लीन हो गए। विद्यालय परिवार ने मां दुर्गा से समस्त विद्यार्थियों की शिक्षा, जीवन में प्रगति, व विद्यालय की उन्नति की मंगलकामना की। विद्यालय के चेयरमैन विनोद कुमार यादव व कविता ने कहा कि नवरात्रि शक्ति, भक्ति और साधना का पर्व है। इस प्रकार के आयोजनों से न केवल अध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त होती है, बल्कि बच्चों में अच्छे संस्कार, नैतिक मूल्यों व सांस्कृतिक जुड़ाव की भावना भी विकसित होती है। उन्होंने सभी को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का कार्य करता रहेगा। अंत में प्रसाद वितरण किया गया।




नारनौल। दा वेदांता स्कूल में हवन करते हुए। फोटो : हरिभूमि



महेंद्रगढ़। डांडिया नृत्य में भाग लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

### आरपीएस स्कूल में डांडिया नृत्य आयोजित

**महेंद्रगढ़।** आरपीएस विद्यालय के प्राइमरी विभाग में नवरात्रि पावन अवसर पर एक रंगारंग डांडिया नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में प्राथमिक कक्षा के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित होकर रंग-बिरंगे वातावरण में गरबा एवं डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया। ढोल की थाप और पारंपरिक गीतों की मधुर लहरियों पर बच्चों ने मनमोहक नृत्य कर सभी का मन जीत लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां दुर्गा की स्तुति के साथ हुई, जिससे सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। नन्हें कलाकारों की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्यातिथि चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव उपस्थित रही। संस्था के सीईओ मनीष राव एवं डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने भी बच्चों को भारतीय त्योहारों के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने बच्चों के उत्साह की प्रशंसा की।

### जीनियस एकेडमी की छात्राओं को किया जागरूक

**महेंद्रगढ़।** सुरक्षा पखवाड़ा के तहत जीनियस एकेडमी की छात्राओं को साइबर क्राइम से बचने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन की टीम ने एकेडमी आकर सभी उपस्थित छात्राओं को जागरूक करते हुए बताया कि आज के युग में साईबर क्राईम का स्तर बहुत बढ़ चुका है। हमें अपने आपको इससे जितना ज्यादा हो सके, बचा के रखना चाहिए। साईबर अपराध, कंप्यूटर, इंटरनेट या डिजिटल उपकरणों के माध्यम से किए जाने वाले गैर कानूनी कार्य हैं, जो व्यक्तियों, व्यवसायों या संस्थाओं को नुकसान पहुंचाते हैं, जिनके परिणाम भारी वित्तिय नुकसान, प्रतिष्ठा को नुकसान और डेटा की हानि के रूप में सामने आ सकते हैं। चेयरपर्सन सोनिका यादव ने बताया कि साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता से ही हम इससे बच सकते है। उन्होंने बताया कि साईबर अपराध का षिकार होने पर हमे 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज करनी चाहिए।




महेंद्रगढ़। छात्राओं को जागरूक करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि



महेंद्रगढ़। डांडिया में भाग लेने वाले बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### श्रीकृष्णा स्कूल के बच्चों ने डांडिया नृत्य में बढ़ाए कदम

**महेंद्रगढ़।** श्रीकृष्णा स्कूल में नन्हें मुन्ने बच्चों ने बडे ही उत्साह और उल्लास के साथ डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया, जिसमें कक्षा एलकेजी से प्रथम तक के बच्चों ने भाग लिया। प्री-प्राइमरी हेड संतोष यादव ने बताया कि श्रीकृष्णा स्कूल महेंद्रगढ़ में नवरात्र पर्व पर डांडिया नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि स्कूल चेयरमैन डा. बीरसिंह यादव तथा अध्यक्षता प्राचार्य रविप्रकाश द्वारा की गई। चेयरमैन डा. बीरसिंह यादव ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आपसी सहयोग और एकता की भावना को बढ़ावा देते है। नवरात्र देवी उपासना का पर्व है। नवरात्र में डांडिया का अपना महत्व है। डांडिया नृत्य भारतीय संस्कृति का अंग है। प्राचार्य रवि प्रकाश ने बच्चों को एकता श्रद्धा और उत्साह के साथ त्योहार मनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बच्चें देश का भविष्य होते है। उन्हें सशक्त, संस्कारित व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना श्रीकृष्णा स्कूल महेंद्रगढ़ का उद्देश्य है।

*थाना में रक्तदान शिविर कलः* **महेंद्रगढ़।** शहर थाना में 29 सितंबर वर सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शुभारंभ पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ द्वारा किया जाएगा। थाना प्रभारी पवन कुमार ने आमजन से अपील की है कि इस नेक कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लें। उन्होंने कहा कि रक्तदान केवल जरूरतमंदों के लिए ही नहीं, बल्कि देने वाले व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है।

Email: ceo.mgarh@gmail.com Ph.: 01282-253413

**दी महेन्द्रगढ़ जिला प्राथमिक सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक सीमित्, महेन्द्रगढ़ स्थित नारनौल**

Shiv Colony, Mahendragarh Road, Behind Punjab National Bank, Narnaul (Haryana) 123001

**आम सूचना**

**19वीं वार्षिक आम सभा की बैठक**

बैंक के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि दी महेन्द्रगढ़ जिला प्राथमिक सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक सीमित् महेन्द्रगढ़ स्थित नारनौल की 19वीं वार्षिक आम सभा की बैठक दिनांक 23.10.2025 (वीरवार) को दोपहर 12:30 बजे बैंक प्रांगण में होनी निश्चित हुई है। अतः आप सभी सदस्यों से अनुरोध है कि दिये गये स्थान पर समयानुसार पहुंच कर सभा की कार्यवाही में भाग लें।

एजेण्डाः

1. आम सभा की पिछली 18वीं वार्षिक बैठक दिनांक 09.12.2024 की कार्यवाही की पुष्टि करने पर विचार।
2. बैंक के वित्तीय वर्ष 2024-25 के बैलेन्स शीट व लाभ-हानि का अनुमोदन करने पर विचार।
3. अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति अनुसार।

रणबीर सिंह
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
दी महेन्द्रगढ़ जिला प्राथमिक सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक सीमित् महेन्द्रगढ़ स्थित नारनौल

